रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

CENTRAL STANDARD LIBRARY
6/3/90

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-Section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 787] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 27, 1989/अग्रहायण 6, 1911
No. 787] NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 27, 1989/AGRAHAYANA 6, 1911

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

पर्यावरण और वन मंत्रालय

(पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग)

नई दिल्ली, नवम्बर, 27 1989

अधिसूचना

का.आ. 966(अ):—केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 6, 8 और 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ:—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम परिसंकटमय रसायनों का विनिर्माण, भण्डारण और आयात नियम, 1989 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) अभिप्रेत है;

(ख) "प्राधिकरण" से अनुसूची 5 के स्तम्भ 2 में वर्णित प्राधिकरण अभिप्रेत है,

(ग) "निर्यात" से इसके व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित भारत से भारत के बाहर किसी स्थान को ले जाना अभिप्रेत है,

(घ) "निर्यातकर्ता" से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो निर्यात करने वाले देश की अधिकारिता के अधीन है और इसके अन्तर्गत ऐसा निर्यात करने वाला देश भी है जो परिसंकटमय रसायन का निर्यात करता है,

(ङ) "परिसंकटमय रसायन" से निम्नलिखित अभिप्रेत है—

(i) ऐसा कोई रसायन जो अनुसूची 1 के भाग 1 में अधिकथित किसी मानदंड को तुष्टि करता है और इस अनुसूची के भाग 2 के स्तम्भ 2 में सूचीबद्ध है,

(ii) ऐसा कोई रसायन जो अनुसूची 2 के स्तम्भ 2 में सूचीबद्ध है,

(iii) ऐसा कोई रसायन जो अनुसूची 3 के स्तम्भ 2 में सूचीबद्ध है,

(च) "आयात" से इससे व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित भारत के बाहर किसी स्थान से भारत में लाना अभिप्रेत है,

(छ) "आयातकर्ता" से ऐसा कोई अधिष्ठाता या कोई व्यक्ति अभिप्रेत है; जो परिसंकटमय रसायनों का आयात करता है;

(ज) "औद्योगिक क्रियाकलाप" से निम्नलिखित अभिप्रेत है—

(i) ऐसा कोई प्रचालन या प्रक्रिया जो अनुसूची 4 में निर्दिष्ट किसी औद्योगिक संस्थापन में चलाई जाती है जिसमें एक या अधिक परिसंकटमय रसायन अन्तर्वलित हैं या होना संभाव्य है और इसके अन्तर्गत स्थल पर भण्डारण या स्थल पर परिवहन भी है, जो, यथास्थिति, उस प्रचालन या प्रक्रिया से सहयुक्त है; या

(ii) एकल भण्डारण, या

(iii) पाइप लाइन;

(झ) "एकल भंडारण" से ऐसा परिसंकटमय रसायन का भंडारण अभिप्रेत है जो अनुसूची-4 में विनिर्दिष्ट उसी स्थान पर किसी संस्थापन से सम्बद्ध भंडारण से भिन्न हो जहां उस भंडारण में कम से कम अनुसूची-2 में निर्धारित उस रसायन की मात्रा अन्तर्निहित हो।

(ञ) "व्यापक दुर्घटना" से ऐसी घटना जिसके अन्तर्गत कोई विभिष्ट व्यापक उत्सर्जन, अग्नि या विस्फोटक भी है, अभिप्रेत है, और जिसमें एक या अधिक परिसंकटमय रसायन अन्तर्वलित हैं और जो किसी औद्योगिक क्रियाकलाप के अनुक्रम में अनियंत्रित विकास के परिणामस्वरूप या ऐसी प्राकृतिक घटनाओं के कारण घटित होती है जिससे संस्थापन के भीतर या बाहर ऐसे तात्कालिक या दूरगामी दोनों गंभीर परिणाम होंगे जिनसे जीवन और सम्पत्ति की पर्याप्त हानि होना संभाव्य है जिसके अन्तर्गत पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव भी है,

(ट) "पाइप लाइन" से 8 बार निरपेक्ष से कम के दबाव पर अनुसूची 3 के भाग 2 के स्तम्भ 2 में यथा वर्णित ज्वलनशील गैस से भिन्न किसी परिसंकटमय रसायन के प्रवहण के लिए कोई पाइप (उससे सहयुक्त किसी साधित्र और संकर्म सहित) या पाइप प्रणाली (उससे सहयुक्त किसी साधित्र और संकर्म सहित) अभिप्रेत है। पाइपलाइन में अन्तर-राज्यीय पाइप लाइन भी शामिल है।

(ठ) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

(ड) "स्थल" से ऐसा कोई अवस्थान अभिप्रेत है जहां परिसंकटमय रसायनों का विनिर्माण या प्रसंस्करण, भण्डारकरण, हथालना, प्रयोग, व्ययन किया जाता है और इसके अन्तर्गत ऐसा कोई पूर्ण क्षेत्र भी है जो किसी अधिष्ठाता के नियंत्रणाधीन है और इसके अन्तर्गत बंगसार, जेटी या इसी प्रकार की संरचना चाहे वह प्लवमान हो या नहीं आती है।

(ढ) "देहली मात्रा" से,—

(i) अनुसूची 2 के स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट किसी परिसंकटमय रसायन की दशा में, स्तम्भ 3 से 4 में की तत्स्थानीय प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट उस रसायन की मात्रा,

(ii) अनुसूची 3 के भाग 1 के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट किसी परिसंकटमय रसायन की दशा में, उस भाग के स्तम्भ 3 से 4 में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट उस रसायन की मात्रा,

(iii) अनुसूची 3 के भाग 2 के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट किसी वर्ग के पदार्थों की दशा में, उस भाग के स्तम्भ 3 से 4 में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट उस वर्ग के सभी पदार्थों की कुल मात्रा—

अभिप्रेत है।

3. प्राधिकरणों के कर्तव्य : इन नियमों के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, प्राधिकरण ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा जो अनुसूची 5 के स्तम्भ 3 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. औद्योगिक क्रियाकलाप के दौरान अधिष्ठाता का साधारण उत्तरदायित्व,—

(1) यह नियम निम्नलिखित को लागू होगा :—

(क) ऐसा औद्योगिक क्रियाकलाप जिसमें ऐसा कोई परिसंकटमय रसायन जो अनुसूची 1 के भाग 1 में अधिकथित है किसी मानदण्ड की त्रुटि करता है, और इस अनुसूची के भाग 2 के स्तम्भ 2 में सूचीबद्ध है, अन्तर्वलित है या हो सकता है, और

(ख) एकल भंडारण जिसमें स्तम्भ 2 में अनुसूची 2 में सूचीबद्ध किसी परिसंकटमय रसायन की ऐसी देहली मात्रा अन्तर्वलित है जो उसके स्तम्भ 3 में उस रसायन के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट देहली मात्रा के बराबर या उससे अधिक है।

(2) ऐसा कोई अधिष्ठाता जिसका उपनियम (1) के आधार पर औद्योगिक क्रियाकलाप पर नियंत्रण है, यह दर्शित करने के लिए साक्ष्य प्रदान करेगा कि उसने—

(क) व्यापक दुर्घटना परिसंकटों की पहचान कर ली है, और

(ख) उसने—

(i) ऐसी व्यापक दुर्घटनाओं के निवारण के लिए और व्यक्तियों और पर्यावरण पर उनके प्रभाव को सीमित करने के लिए,

(ii) स्थल पर काम करने वाले व्यक्तियों को जानकारी, प्रशिक्षण और उपस्कर जिसके अन्तर्गत उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक साज-सामान भी है, प्रदान करने के लिए, समुचित कदम उठाये हैं।

5. व्यापक दुर्घटना की अधिसूचना :—(1) जहां किसी स्थल पर कोई व्यापक दुर्घटना घटित हो जाती है, वहां अधिष्ठाता उस दुर्घटना के के बारे में अनुसूची 5 में अभिज्ञात संबद्ध प्राधिकरण को तुरन्त उस अधिसूचित करेगा और तत्पश्चात् संबद्ध प्राधिकरण को, यदि आवश्यक हो, दुर्घटना से संबंधित एक रिपोर्ट अनुसूची 6 में किस्तों में देगा।

(2) संबद्ध प्राधिकरण उस नियम के उपनियम 1 के अनुसरण में रिपोर्ट की प्राप्ति पर, व्यापक दुर्घटना का पूर्ण विश्लेषण करेगा और समुचित माध्यम के द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय को अपेक्षित जानकारी भेजेगा।

(3) जहां अधिष्ठता ने संबंधित विधान के अधीन संबद्ध प्राधिकरण को कोई व्यापक दुर्घटना अधिसूचित कर दी है, वहां उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने इस नियम के उपनियम 1 के अनुसार अपेक्षाओं का अनुपालन किया है।

6 औद्योगिक क्रियाकलाप जिनको नियम 7 से नियम 15 लागू होते हैं।

(1) नियम 7 से नियम 15 निम्नलिखित को लागू होंगे,—

(क) कोई ऐसा औद्योगिक क्रियाकलाप जिसमें अनुसूची 3 के स्तम्भ 2 में सूचीबद्ध किसी परिसंकटमय रसायन की कोई

ऐसी मात्रा अन्तर्वलित है, जो स्तम्भ 3 और 4 में केवल नियम 10 से 12 स्तंभ 4 के लिए उस रसायन के लिए प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट मात्रा के बराबर या उससे अधिक है, और

(ब) एकल भंडारण जिसमें अनुसूची 5 के स्तम्भ 2 में सूचीबद्ध किसी परिसंकटमय रसायन की कोई ऐसी मात्रा अन्तर्वलित है जो स्तम्भ 4 में उस रसायन के लिए प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट मात्रा के बराबर या उससे अधिक है।

(1) नियम 7 से नियम 15 के प्रयोजनों के लिए :—

(क) "नया औद्योगिक क्रियाकलाप" से ऐसा कोई औद्योगिक क्रियाकलाप अभिप्रेत है जो :—

(i) इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख के पश्चात् प्रारम्भ होता है ; या

(ii) यदि उस तारीख के पूर्व प्रारम्भ होता है, तो ऐसा कोई औद्योगिक क्रियाकलाप है जिसमें ऐसा कोई उपांतर किया गया है जिससे व्यापक दुर्घटना परिसंकट पैदा होने की संभावना है, और वह क्रियाकलाप उस तारीख को जिसको उपांतरण किया गया था, प्रारम्भ किया गया माना जाएगा।

(ख) "विद्यमान औद्योगिक क्रियाकलाप" से ऐसा कोई औद्योगिक क्रियाकलाप अभिप्रेत है जो एक नया औद्योगिक क्रियाकलाप नहीं है।

7. स्थलों की अधिसूचना :—(1) अधिष्ठाता कोई औद्योगिक क्रियाकलाप तब तक नहीं चलाएगा जब तक कि उसने उस क्रियाकलाप के प्रारम्भ होने के कम से कम 3 मास पूर्व या ऐसे संक्षिप्त समय के पूर्व जिसके लिए संबंधित प्राधिकरण सहमत हो, अनुसूची 7 में विनिर्दिष्ट विशिष्टियों को अन्तर्वलित करने वाली एक लिखित रिपोर्ट संबद्ध प्राधिकरण को प्रस्तुत न कर दी हो और इस पैरा के प्रयोजनों के लिए, ऐसे क्रियाकलाप को जिसमें तत्पश्चात् किसी अतिरिक्त परिसंकटमय रसायन की बेहली मात्रा या उससे अधिक है या हो सकती है, भिन्न क्रियाकलाप माना जाएगा और वह तदनुसार अधिसूचित किया जाएगा।

(2) यदि कोई अधिष्ठाता विनियम 10(1) के अधीन कोई रिपोर्ट प्रस्तुत करता है तो उसके द्वारा उपनियम (1) के अधीन कोई रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

8. बेहली मात्रा में परिवर्तनों के परिणामस्वरूप उक्त अधिसूचना का अद्यतन बनाना :—जहां नियम 7(1) के अनुसार किसी क्रियाकलाप के बारे में कोई रिपोर्ट दी गई है और अधिष्ठाता उसमें कोई परिवर्तन करता है (जिसके अन्तर्गत किसी परिसंकटमय रसायन की जिस पर यह नियम लागू होता है, अधिकतम बेहली मात्रा में वृद्धि या किसी भी है जो स्थल पर या पाइप लाइन में या क्रियाकलाप के समाप्त होने पर है या हो सकती है) जो उस रिपोर्ट में विनिर्दिष्ट विशिष्टियों या इस नियम के अधीन की गई किसी पश्चात्वर्ती रिपोर्ट को प्रभावित करती है। अधिष्ठाता सम्बद्ध प्राधिकरण को तुरन्त एक अतिरिक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

9. संक्रमणकालीन उपबन्ध-जहां :—

(क) इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख को अधिष्ठाता का किसी ऐसे विद्यमान औद्योगिक क्रियाकलाप पर नियंत्रण है जिसकी नियम 7(1) के अधीन रिपोर्ट की जानी अपेक्षित है, या

(ख) उस तारीख के छह मास के भीतर अधिष्ठाता ऐसे किसी नए औद्योगिक क्रियाकलाप को प्रारम्भ करता है,

वहां उस नियम का वह पर्याप्त अनुपालन होगा यदि वह इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख के पश्चात् 3 मास के भीतर या ऐसी दीर्घतर अवधि के भीतर जिसके लिए सम्बद्ध प्राधिकरण लिखित रूप में सहमत हो, अनुसूची 7 में विनिर्दिष्टियों के अनुसार सम्बद्ध प्राधिकरण को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

10. सुरक्षा रिपोर्ट :—(1) इस नियम के निम्नलिखित पैराओं के अधीन रहते हुए अधिष्ठाता किसी ऐसे औद्योगिक क्रियाकलाप को जिस पर यह नियम लागू होता है, तब तक नहीं चलाएगा जब तक उसने अनुसूची 8 में विनिर्दिष्ट जानकारी अन्तर्विष्ट करने वाली उस औद्योगिक क्रियाकलाप पर एक सुरक्षा रिपोर्ट तैयार न कर दी हो और उस रिपोर्ट की एक प्रति उस क्रियाकलाप के प्रारम्भ होने के कम से कम 90 दिन पूर्व सम्बद्ध प्राधिकरण को न भेज दी हो।

(2) किसी नए औद्योगिक क्रियाकलाप की दशा में जिसे अधिष्ठाता इन नियमों के प्रवृत्त होने के पश्चात् 6 मास के भीतर प्रारम्भ करता है है या नियम 6 के उपनियम (2) (क) (ii) के आधार पर प्रारम्भ किया हुए माना जाता है, तो इस नियमों के उपनियम (1) का वह पर्याप्त अनुपालन होगा यदि अधिष्ठाता इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख के पश्चात् 90 दिन के भीतर उस उपनियम के अनुसार अपेक्षित रिपोर्ट की एक प्रति सम्बद्ध प्राधिकरण को भेज देता है।

(3) विद्यमान औद्योगिक क्रियाकलाप की दशा में इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से 5 वर्ष के पश्चात् तक यह इस नियम के उपनियम (1) का पर्याप्त अनुपालन होगा यदि अधिष्ठाता इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से 90 दिन को या उसके पूर्व सम्बद्ध प्राधिकरण को उस क्रियाकलाप से संबंधित अनुसूची 7 में विनिर्दिष्ट जानकारी भेज देता है।

11. नियम 10 के अधीन रिपोर्टों का अद्यतन बनाना :—(1) जहां अधिष्ठाता ने नियम 10 के उपनियम (1) के अनुसार कोई सुरक्षा रिपोर्ट दी है वहां वह उस औद्योगिक क्रियाकलाप में जिससे वह सुरक्षा रिपोर्ट संबंधित है, कोई ऐसे उपांतरण नहीं करेगा जिनसे उस रिपोर्ट में विशिष्टियों पर तात्विक रूप से प्रभाव पड़ सके जब तक कि उसने इन उपांतरणों पर विचार करने के लिए एक अतिरिक्त रिपोर्ट न दी हो और उस रिपोर्ट की एक प्रति इन उपांतरणों के करने के कम से कम 90 दिन पूर्व सम्बद्ध प्राधिकरण को न भेज दी हो।

(2) जहां अधिष्ठाता ने नियम 10 और इस नियम के उपनियम (1) के अनुसार कोई रिपोर्ट की है और वह औद्योगिक क्रियाकलाप चालू बना हुआ है वहां अधिष्ठाता ऐसी अन्तिम रिपोर्ट की तारीख के 3 वर्ष के भीतर एक और रिपोर्ट करेगा जिसमें विशिष्ट रूप से ऐसे नए तकनीकी ज्ञान का ध्यान रखा जाएगा जिससे सुरक्षा और परिसंकट निर्धारण से संबंधित पूर्व रिपोर्ट में विशिष्टियों को प्रभावित किया है, और 30 दिन के भीतर या ऐसे दीर्घतर समय में जिसके लिए सम्बद्ध प्राधिकरण लिखित रूप में सहमत हो, रिपोर्ट की एक प्रति सम्बद्ध प्राधिकरण को भेजेगा।

12. प्राधिकरण को भेजी जाने वाली और जानकारी के लिए अपेक्षाएं :—(1) जहां, नियम 10 के अनुसार, अधिष्ठाता ने औद्योगिक क्रियाकलाप से संबंधित सुरक्षा रिपोर्ट सम्बद्ध प्राधिकरण को भेज दी है, वहां सम्बद्ध प्राधिकरण अधिष्ठाता पर तामील की गई सूचना द्वारा उससे ऐसी अतिरिक्त जानकारी देने की अपेक्षा कर सकेगा जो सूचना में विनिर्दिष्ट हो और अधिष्ठाता ऐसे समय के भीतर जो सूचना में विनिर्दिष्ट है या बढ़ाई गई ऐसी अवधि के भीतर जो प्राधिकरण तत्पश्चात् विनिर्दिष्ट करे, सम्बद्ध प्राधिकरण को वह जानकारी भेजेगा।

13. अधिष्ठाता द्वारा स्थल पर आपात योजना का तैयार किया जाना :—(1) अधिष्ठाता स्थल पर आपात योजना तैयार करेगा और उसे अद्यतन बनाए रखेगा जिसमें यह विवरण होगा कि उस स्थल पर

जिस पर औद्योगिक क्रियाकलाप चलाया जा रहा है, व्यापक दुर्घटनाओं से किस प्रकार निपटा जाएगा और उस योजना के अन्तर्गत उस व्यक्ति का नाम जो स्थल पर सुरक्षा के लिए जिम्मेवार है और उन व्यक्तियों के नाम भी होंगे जो आपात की दशा में योजना के अनुसार कार्रवाई करने के लिए प्राधिकृत हैं।

(2) अधिष्ठाता यह सुनिश्चित करेगा कि उपनियम (1) के अनुसार तैयार की गई आपात योजना में औद्योगिक क्रियाकलाप में किए गए किसी उपांतरण पर भी विचार किया गया है और यह कि स्थल पर प्रत्येक व्यक्ति को जो योजना से प्रभावित होता है, सुसंगत उपबन्धों की जानकारी दी जाती है।

(3) अधिष्ठाता उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित आपात योजना

(क) किसी नए औद्योगिक क्रियाकलाप की दशा में उस क्रियाकलाप के प्रारम्भ होने के पूर्व,

(ख) विद्यमान औद्योगिक क्रियाकलाप की दशा में उन नियमों के प्रवृत्त होने के 90 दिन के भीतर,

तैयार करेगा।

14. स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थल से दूर आपात योजना का तैयार किया जाना :—(1) संबद्ध प्राधिकरण का जैसा अनुसूची 5 के स्तम्भ 2 में अभिज्ञात है, यह कर्तव्य होगा कि वह समुचित स्थल से दूर आपात योजना तैयार करे और उसे अद्यतन बनाए रखे जिसमें उस स्थल पर किसी संभाविव्य व्यापक दुर्घटना से संबंधित आपात स्थितियों से किस प्रकार निपटा जाएगा, के ब्यौरे होंगे और उस योजना को तैयार करने में सम्बद्ध प्राधिकरण अधिष्ठाता और ऐसे अन्य व्यक्तियों से परामर्श करेगा जो वह आवश्यक समझे।

(2) उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित आपात योजना तैयार करने के लिए संबद्ध प्राधिकरण को समर्थ बनाने के प्रयोजन के लिए अधिष्ठाता अपने नियंत्रणाधीन औद्योगिक क्रियाकलाप से संबंधित ऐसी जानकारी प्रदान करेगा जिसकी संबद्ध प्राधिकरण अपेक्षा करे जिसके अन्तर्गत संभावित व्यापक दुर्घटनाओं की प्रकृति, सीमा और उसके संभाव्य स्थल से दूर प्रभाव भी हैं और प्राधिकरण स्थल से दूर आपात योजना से जो नियम 10 के अधीन उसके कर्तव्यों से संबंधित है, अधिष्ठाता को हर प्रकार की जानकारी प्रदान करेगा।

(3) संबद्ध प्राधिकरण उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित अपनी आपात योजना :—

(क) किसी नए औद्योगिक क्रियाकलाप की दशा में उस क्रियाकलाप के प्रारम्भ होने के पूर्व,

(ख) विद्यमान औद्योगिक क्रियाकलाप की दशा में, इन नियमों के प्रवृत्त होने के छह मास के भीतर,

तैयार करेगा।

15. किसी व्यापक दुर्घटना से प्रभावित हो सकने वाले व्यक्तियों को दी जाने वाली जानकारी :—(1) अधिष्ठाता स्थल के बाहर व्यक्तियों को जिनका ऐसे किसी क्षेत्र में होना संभाव्य है जो किसी व्यापक दुर्घटना से प्रभावित हो सकते हैं, प्रत्यक्षतः या जिला आपात प्राधिकरण के माध्यम से निम्नलिखित के बारे में जानकारी देने के लिए समुचित कार्रवाई करेगा :—

(क) व्यापक दुर्घटना परिसंकट की प्रकृति, और

(ख) सुरक्षा उपाय और "क्या करें" और "क्या न करें" जिन्हें किसी व्यापक दुर्घटना की दशा में पालन किया जाएगा।

(2) अधिष्ठाता किसी औद्योगिक क्रियाकलाप के प्रारम्भ होने के पूर्व उस क्रियाकलाप के बारे में विद्यमान औद्योगिक क्रियाकलाप के किसी मामले को छोड़कर जिस मामले में अधिष्ठाता इन नियमों के प्रवृत्त होने के 90 दिन के भीतर उपनियम (1) की अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा। व्यक्तियों को जानकारी देने के लिए उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित कार्यवाहियां करेगा।

16. जानकारी का प्रकट किया जाना :—(1) जहां नियम 5 या 7 से 15 के अधीन अधिसूचित जानकारी का मूल्यांकन करने के प्रयोजन के लिए सम्बद्ध प्राधिकरण उस जानकारी को किसी अन्य व्यक्ति को प्रकट करता है वहां वह अन्य व्यक्ति उस जानकारी का उपयोग उसे प्रकट करने वाले संबद्ध प्राधिकरण के प्रयोजन के सिवाय किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं करेगा और जानकारी प्रकट करने के पूर्व संबद्ध प्राधिकरण इस पैरा के अधीन अपनी बाध्यता के बारे में उस अन्य व्यक्ति को जानकारी देगा।

17. जानकारी का संग्रहण, विकास और प्रसारण :—(1) यह नियम किसी ऐसे औद्योगिक क्रियाकलाप को लागू होगा जिसमें ऐसा परिसंकटमय रसायन जो अनुसूची 1 के भाग 1 में अधिकथित किसी मानदण्ड की तुष्टि करता है और इस अनुसूची के भाग 2 के स्तम्भ 2 में सूचीबद्ध है, अन्तर्वलित है या अन्तर्वलित हो सकता है।

(2) अधिष्ठाता जिसका इस नियम के उपनियम 1 के आधार पर किसी औद्योगिक क्रियाकलाप पर नियंत्रण है, अनुसूची 9 में विनिर्दिष्ट सुरक्षा आंकड़ा शीट के प्रारूप में जानकारी प्राप्त करेगा या उसका विकास करेगा। जानकारी अनुरोध पर निर्देश के लिए सुलभ होगी।

(3) अधिष्ठाता अपने द्वारा हवाले गए किसी परिसंकटमय रसायन की बाबत अनुसूची 9 में विनिर्दिष्ट किसी सुरक्षा आंकड़ा शीट को प्राप्त करने या उसका विकास करते समय यह सुनिश्चित करेगा कि जानकारी सही ढंग से अभिलिखित की गई और परिसंकट का अवधारण करते समय प्रयुक्त वैज्ञानिक साक्ष्य परिलक्षित करेगा। यदि किसी रसायन के परिसंकट की बाबत कोई महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध है तो वह यथासंभव शीघ्र अनुसूची 9 में विनिर्दिष्ट तात्विक सुरक्षा आंकड़े शीट में जोड़ी जाएगी।

(4) परिसंकटमय रसायन के प्रत्येक आधान पर स्पष्ट रूप से लेबल लगाया जाएगा या उसे निम्नलिखित को पहचान करने के लिए चिह्नित किया जाएगा :—

(क) आधान की अन्तर्वस्तु ;

(ख) परिसंकटमय रसायन के विनिर्माता या आयातकर्ता का नाम और पता;

(ग) मानदंड के अनुसार भौतिक, रासायनिक और विषालुता संबंधी आंकड़े; और

(5) इस नियम के उपनियम 4 के आधार पर जहां आधान के आकार या पैकेज की प्रकृति की दृष्टि से किसी रसायन पर लेबल लगाना व्यावहारिक नहीं है, वहां दस्तावेजों को बांधने या जोड़ने जैसे अन्य प्रभावित साधनों के लिए उपबन्ध किया जाना चाहिए।

18. परिसंकटमय रसायनों का आयात :—(1) यह नियम किसी ऐसे रसायन को लागू होगा जो अनुसूची 1 के भाग 1 में अधिकथित किसी मानदंड की तुष्टि करता है और इस अनुसूची के भाग 2 के स्तम्भ 2 में सूचीबद्ध है।

(2) भारत में परिसंकटमय रसायनों का आयात करने के लिए उत्तरदायी कोई व्यक्ति, अनुसूची 5 के स्तम्भ 2 में यथा अभिज्ञात संबद्ध प्राधिकरण को आयात के समय या आयात की तारीख से तीस दिन के भीतर निम्नलिखित से संबंधित जानकारी देगा :—

(i) भारत में परेषण प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम और पता;

(ii) भारत में प्रवेश पत्तन;

(iii) भारत में निर्यात करने वाले देश से परिवहन का ढंग;

(iv) आयात किए जा रहे रसायन (नों) की मात्रा; और

(v) सुरक्षा जानकारी पूर्ण रूप से दिया जाना।

(3) यदि राज्य में संबद्ध प्राधिकरण का यह समाधान हो जाता है कि आयात किए जा रहे रसायन के व्यापक दुर्घटना होने की संभावना है तो वह ऐसी कार्यवाही जिसके अन्तर्गत ऐसे आयातों का रोका जाना है, जो राज्य का संबद्ध प्राधिकरण समुचित समझे करने के लिए आयातकर्ता को निदेश दे सकेगा।

(4) राज्य में संबद्ध प्राधिकरण साथ-साथ पत्तन परिसरों के भीतर परिपण को उतारते समय परिसंकटमय रसायनों के सुरक्षापूर्वक उठाने-धरने और भंडारकरण की बाबत समुचित कार्यवाहियां करने के लिए सम्बद्ध पत्तन प्राधिकरण को सूचित करेगा।

(5) परिसंकटमय रसायनों का आयात करने वाला कोई व्यक्ति अनुसूची 10 में विनिर्दिष्ट आयातित परिसंकटमय रसायनों का अभिलेख बनाए रखेगा और इस प्रकार बनाए रखा गया अभिलेख राज्य में संबद्ध प्राधिकरण या पर्यावरण और वन मंत्रालय या उनके द्वारा इस निमित्त नियुक्त किसी अधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए खुले रहेंगे।

(6) परिसंकटमय रसायन का आयातकर्ता या ऐसा कोई व्यक्ति जो उसकी ओर से कार्य कर रहा है, यह सुनिश्चित करेगा कि प्रवेश पत्तन से अन्तिम गंतव्य स्थान तक परिसंकटमय रसायनों का परिवहन मोटरयान अधिनियम, 1988 के उपबन्धों के अधीन बनाए गए केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के अनुसार है।

19. सुधार सूचना :—(1) यदि संबद्ध प्राधिकरण की यह राय है कि किसी व्यक्ति ने इस नियमों के उपबन्धों का उल्लंघन किया है तो संबद्ध प्राधिकरण उस पर एक सूचना की (जिसे इस भाग में "सुधार सूचना" कहा गया है) तामील करेगा जिसमें उस व्यक्ति से ऐसी कालावधि के भीतर जो सूचना में विनिर्दिष्ट की जाए, यथास्थिति उल्लंघन या उसे अवसर देने वाली बातों का उपचार करने की अपेक्षा की जाएगी।

(2) उपनियम (1) के अधीन तामील की गई सूचना में स्पष्ट रूप से उन उपायों का विनिर्देश किया जाएगा जो उक्त उल्लंघनों का उपचार करने में अधिष्ठाता द्वारा किए जाएंगे।

20. अनुसूचियों को उपांतरित करने की केन्द्रीय सरकार की शक्ति :— केन्द्रीय सरकार, किसी भी समय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अनुसूचियों में समुचित परिवर्तन कर सकेगी।

अनुसूची 1

[नियम 2 (क) (i), 4(1)(क), 4(2)(i), 17 और 18 देखिए]

रसायनों का निर्देशात्मक मानदंड और उनकी सूची

भाग 1

(क) विषैले रसायन :—रसायन जिनकी गंभीर विषालुता का निम्नलिखित भान है और जो अपने भौतिक और रासायनिक गुणों के कारण व्यापक दुर्घटना परिसंकट पैदा करने के लिए सक्षम हैं।

क्रम सं.	विषालुता की मात्रा	मुखीय मार्ग द्वारा मध्यम घातक डोज (मुखीय विषालुता) एलडी 50 (परीक्षण पशुओं का कि० ग्रा० शारीरिक वजन।	चर्मीय मार्ग द्वारा मध्यम घातक डोज (चर्मीय विषालता) एलडी 50 (परीक्षण पशुओं का मि. ग्रा०/कि०ग्रा० शारीरिक वजन	अंत : श्वसन मार्ग द्वारा मध्यम घातक सांद्रता (चार घंटे) एलसी 50 परीक्षण पशुओं में मिली. ग्राम/अंत श्वसन।)
1.	अत्यंत विषैला	1-50	1-200	0.1-05
2.	उच्च विषैला	51-500	201-2000	0.5-2.0

(ख) ज्वलनशील रसायन :

(i) ज्वलनशील गैस :—रसायन जो सामान्य दाब पर गैसीय दशा में और वायु के साथ मिश्रित किए जाने पर ज्वलनशील हो जाते हैं और जिनका सामान्य दाब पर क्वथनांक 20 डिग्री सेन्टीग्रेड या उससे कम है;

(ii) उच्च ज्वलनशील द्रव :—रसायन जिनका 23 डिग्री सेन्टीग्रेड से कम प्रज्वलन ताप है और जिनका क्वथनांक सामान्य दाब पर 20 डिग्री सेन्टीग्रेड से अधिक है;

(iii) ज्वलनशील द्रव :—रसायन जिनका प्रज्वलन ताप 65 डिग्री सेन्टीग्रेड से कम है और जो दाब के अधीन वहां द्रव बने रहते हैं जहां विशिष्ट प्रसंस्करण दशाएं जैसे उच्च दाब और उच्च तापमान व्यापक दुर्घटना परिसंकट पैदा कर सकती हैं।

(ग) विस्फोटक :—रसायन जिनका ज्वाला, ऊष्मा या फोटो-रसायन सम्बन्धी दशाओं के प्रभाव से विस्फोट हो सकता है या जो डाइनाइट्रो-बेन्जीन की तुलना में प्रघात या घर्षण के लिए अधिक सुग्राही हैं।

भाग- 2

खतरनाक और विषैले रसायनों की सूची

क्रम संख्या	रसायन का नाम
1	2
1.	एसीटोन
2.	एसीटोन साइनोहाइड्राइन
3.	एसीटिल क्लोराइड
4.	एसीटीलेन (इथीन)
5.	एक्रोलीन (2-प्रोपीनल)
6.	एक्राइलोनाइट्राइल
7.	आल्डीकार्ब
8.	आलड्रिन
9.	अलकाइल थेलेट
10.	अलाइल एल्कोहल
11.	एलीलअमाइन
12.	अल्फा नेपथाइल थीयोयूरिया (अंटु)
13.	अमीनोडाइफिनाइल,-4
14.	अमीनोफीनोल,-2
15.	अमीटोन
16.	अमोनिया
17.	अमोनियम नाइट्रेट्स
18.	अमोनियम नाइट्रेट्स (इन फर्टिलाइजर)
19.	अमोनियम सलफामेट
20.	एनाबासाइन
21.	अनीलाइन
22.	एनीसाइडाइनअपी
23.	एंटीमोनी एंड कम्पाउण्डस
24	एंटीमोनी हाइड्राइड (सटाइबाइन),
25.	आरसेनिक हाइड्राइड (आरसाइन)
26.	आरसेनिक पेनटॉक्साइड, आरसेनिक (5) एसिड एंड साल्टस
27.	आरसेनिक ट्राइआक्साइड, आरसेनियस (3) एसिडस एंड साल्टस
28.	एसबेसटोस
29.	एजीनफोस इथाइल
30.	एजॉनफोस मिथाइल
31.	बेरियम एसाईड
32.	बेंजोन

1	2
33.	बेनजीडाइन
34.	बेनजीडाइन साल्टस
35.	बेनजोक्विनोन
36.	बेनजोइल क्लोराइड
37.	बेनजोइल पेरोक्साइड
38.	बेनजिल क्लोराइड
39.	बेनजिल साइनाइड
40.	बेरीलियम (पाउडरस कम्पाउण्डस)
41.	फिनाइल
42.	बिस (2-क्लोरोमिथाइल) कीटोन
43.	बिस (2, 4, 6, "ट्राइनाइट्रोफिनाइल) एमीन
44.	बिस (2-क्लोरोइथाइल) सल्फाइड
45.	बिस (क्लोरोमिथाइल) ईथर
46	बिस (टर्ट-बुटिलपेरोक्सी) बुटेन, 2, 2
47.	बिस (बेटिनाफ्थोक्सी) साइक्लोहेक्सेन, 1-1
48.	बिस, 1, 2, (ट्राइब्रोमोफिनोक्सी) इथेन
49.	बिसफिनोल
50.	बोरोन तथा कम्पाउण्डस
51.	ब्रोमाइन
52.	ब्रोमाइन पेंटाफ्लोराइड
53.	ब्रोमोफोरम
54.	बुटाडाइन-1, 3
55.	बुटेन
56.	बुटेनइथाल
57.	बुटानोन-2
58.	बुटोक्सी इथानोल
59.	बुटिल ग्लीसीडाल ईथर
60.	बुटिल पेरोक्सीएसीटेट, -टर्ट
61.	बुटिल पेरोक्सीसोबुटिरेट, -टर्ट
62.	बुटिल पेरोक्सी आइसो प्रोपाइल कार्बोनेट, टर्ट
63.	बुटिल पेरोक्सीमेलिएट, टर्ट
64.	बुटिल पेरोक्सीपिवालेट, -टर्ट
65.	बुटिल विनाइल ईथर
66.	बुटिल-एन-मरकॉपटन
67.	बुटिलऐमीन
68.	सी-9 एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन फ्रेक्शन
69.	काडमियम एंड कम्पाउण्डस
70.	काडमियम आक्साइय (फ्यूमस);
71.	कैल्शियम साइनाइट
72.	कैप्टान
73.	कैप्टोफोल
74.	कार्बारियल (सेविन)
75.	कार्बोफ्यूरान
76.	कार्बन डिसल्फाइड
77.	कार्बन मोनोआक्साइड
78	कार्बन टेट्राक्लोराइड
79.	कार्बोफिनोथियोन
80	सेल्यूलोज नाइट्रेट
81.	क्लोरडेन (किसानों में प्रयोग)
82.	क्लोरडेन
83.	क्लोरफेनविनफोस
84.	क्लोरीनेटेड बेंजीनस
85.	क्लोरीन
86.	क्लोरीन डी आक्साइड
87	क्लोरीन आक्साइड

1	2
88.	क्लोरीन ट्राइफ्लोराइड
89.	क्लोरमक्वेट क्लोराइड
90.	क्लोरोएसीटिल क्लोराइड
91.	क्लोरोएसीटिल डी हाइड
92.	क्लोरोएनीलाइन,-2
93.	क्लोरोएनीलाइन-4
94.	क्लोरोबेंजीन
95.	क्लोरोडीफीनाइल
96.	क्लोरोएपोक्सीप्रोपेन
97.	क्लोरोइथेनोल
98.	क्लोरोइथाइल क्लोरोफार्मेट
99.	क्लोरोफ्लूरोकार्बनस
100.	क्लोरोफार्म
101.	क्लोरोफोरमाइल-4, मोर्फोलाइन
102.	क्लोरोमिथेन
103.	क्लोरोमिथाइल ईथर
104.	क्लोरोमिथाइल मिथाइल ईथर
105.	क्लोरोनिट्रोबेंजीन
106.	क्लोरोप्रीन
107.	क्लोरोसल्फ़ोनिक एसिड
108.	क्लोरोट्रिनिट्रोबेंजीन
109.	क्लोरोएक्सयूरोन
110.	क्रोमियम एंड कम्पाउण्डस
111.	कोबाल्ट एंड कम्पाउण्डस
112.	कोपर एंड कम्पाउण्डस
113.	कोमाफ़्यूरस
114.	कोमाफ़ोस
115.	कोमाटेट्रान
116.	क्रीसोल्स
117.	क्रिमिडाइन
118.	क्यूमेन
119.	साइनोफ़ोस
120.	साइनोथीएट
121.	साइनोरिक फ्लोराइड
122.	साइक्लोहेक्सेन
123.	साइक्लोहेक्सानोल
124.	साइक्लोहेक्सानोन
125.	साइक्लोहेक्सीमाइड
126.	साइक्लोपेंटाडाइन
127.	साइक्लोपेंटेन
128.	साइक्लोटिट्रामिथाइलेन्टेट्रानाइट्रामाइन
129.	साइक्लोट्रिमिथाइलेन ट्रिनिट्रामाइन
130.	डी डी टी
131.	डेकाब्रोमोडीफ़िनाइल आक्साइड
132.	डेमीटोन
133.	डी-आइसोबुटिल पेरोक्साइड
134.	डी-एन-प्रोपिल पेरोक्सीडीकार्बोनेट
135.	डी-सेक-बुटिल पेरोक्सीडीकार्बोनेट
136.	डायलीफ़ोस
137.	डायाज़ोडीनिट्रोफ़िनोल
138.	डायज़ोमिथेन
139.	डाइबेंजायल पेरोक्सीडीकार्बोनेट
140.	डीक्लोरो एसीटिलीन
141.	डीक्लोरोबेंजीन-ओ,
142.	डीक्लोरोबेंजीन-पी
143.	डीक्लोरोइथेन

Indiacode

1	2
144.	डीक्लोरोईथाइल ईथर
145.	डीक्लोरोफ़िनोल,—2, 4
146.	डीक्लोरोफ़िनोल,—2, 6
147.	डीक्लोरोफ़िनोक्सी एसिटीक एसिड,—2, 4 (2, 4 डी)
148.	डीक्लोरोप्रोपेन, 1-2
149.	डीक्लोरोसेलीमिसिक एसिड, 3-5
150.	डीक्लोरवोस (डी.डी.वी.पी.)
151.	डीक्रोटोफोए
152.	डीएलड्रीन
153.	डीएपीक्सीब्यूटेन
154.	डीइथाइल पेरीक्सीडीकार्बोमेट
155.	डीइथाइलेन ग्लाइकोल डाइनाइट्रेट
156.	डीइथाइलेन ट्राइएमाइन
157.	डीइथाइलेनग्लाइकोल बुटिल ईथर/डीइथाइलेनग्लाइकोल बुटिल एसीटेट
158.	डीइथाइलेनट्राइएमाइन (डी ई टी ए)
159.	डीग्लाइसेडेल ईथर
160.	डीहाइड्रोरोक्सीप्रोपेन,—2, 2
161.	डी आइसीब्यूटिरिल पेरोक्साइड
162.	डीमेफ़ोक्स
163.	डीमेथोएट
164.	डीमिथाइल फ़ोसफ़ोरामिडोसाइमीडिक एसिड
165.	डीमिथाइल थेलेट
166.	डीमिथाइलकार्बोमाइल क्लोराइड
167.	डीमिथाइलनिट्रोसेमाइन
168.	डीनाइट्रोफ़िनोल, साल्टस
169.	डीनाइट्रोटोलियूईन
170.	डीनाइट्रो-ओ-क्रिसोल
171.	डीओक्सेन
172.	डीओक्साथियोन
173.	डीओक्सोलेन
174.	डीफ़ामाइनोन
175.	डीफ़ोसफ़ोरएमाइड थायोमिथाइल
176.	डीप्रोपीलीन ग्लाइकोमिथाइल ईथर
177.	डीसल्फ़ोटोस
178.	एन्डोसल्फ़ान
179.	एन्ड्रीन
180.	एपीक्लोरोहाइड्राइन
181.	इपीमन
182.	अपेक्सीप्रोपेन, 1, 2
183.	इथीओन
184.	इथाइल कार्बमेट
185.	इथाइल ईथर
186.	इथाइलहेक्सानोल-2
187.	इथाइल मरकेपटन
188.	इथाइल मेथएक्राइलेट
189.	इथाइल.नाइट्रेट
190.	इथाइलएमाइन
191.	इथाइलेन
192.	इथाइलेन क्लोरोहाइड्राइन
193.	इथाइलेन डीएमाइन
194.	इथाइलेन डीब्रोमाइड (1, 2—डीब्रोमोइथेन)
195.	इथीलेम डीक्लोराइड
196.	इथाइलेम ग्लाइकोल डिनाइट्रेट
197.	इथाइलेन आक्साइड

1	2
198.	इथाइलेनइमाइन
199.	इथाइलथिओ मार्बनेट
200.	फ़ेनलफ़ोथियोन
201.	फ़ेलूएनटिल
202.	फ़्लोरो,—4,-2 हाइड्रोक्सीबुटिरिक एसिड एंड साल्टस, एस्टरस, एमाइडस
203.	फ़्लोरोएसिटिक एसिड एंड साल्टस, एस्टरस एमाइडस
204.	फ़्लोरोबुटिरिक एसिड-4, एंड साल्टस, एस्टरस एमाइडस
205.	फ़्लोरोप्रोटोनिक एसिड-4, एंड साल्टस, एस्टरस, एमाइडस
206.	फ़ोर्मलिडिहाइड
207.	ग्लाइट्रोनिट्राइल (हाइड्रोसीएमीटोनीट्राइल)
208.	ग्लूग्रानाइल, 1,—4—नाइट्रोमिनोग्लूग्रानाइल-1-टेट्राज़ेन
209.	हेपटाक्लोर
210.	हेक्साक्लोरो साइक्लोपेंटाडाइन
211.	हेक्साक्लोरो साइक्लोहेक्सेम
212.	हेक्साक्लोरो साइक्लोमिथेन
213.	हेक्साक्लोरोडिबेंजो-पी-डीओक्साइन,—1, 2, 3, 7, 8, 9,
214.	हेक्साफ़्लूरोप्रोपेन
215.	हेक्सामिथाइलफ़ोसफ़ोएमाइड
216.	हेक्सामिथाइल,—3, 3, 6, 6, 9, 9,—1, 2, 4, 5—टेट्रोक्सासाइक्लोनोनेन
217.	हेक्सामिथाइलीनडीएमाइन
218.	हेक्सेन
219.	हेक्सानीट्रोडाइफ़ेनिलेमीन,—2, 2, 1, 1, 6, 6
220.	हेक्साक्लेंट क्रोमियम
221.	हाइड्राजाइन
222.	हाइड्राजाइन नाइट्रेट
223.	हाइड्रोक्लोरिक एसिड
224.	हाइड्रोजन
225.	हाइड्रोजन सोलाइड (हाइड्रोआयोडिक एसिड)
226.	हाइड्रोजन क्लोराइड (हाइड्रोक्लोरिक एसिड)
227.	हाइड्रोजन साइनाइड
228.	हाइड्रोजन फ़्लोराइड
229.	हाइड्रोजन सेलीनाइड
230.	हाइड्रोजन सल्फ़ाइड
231.	हाइड्रोक्वीनोन
232.	आयोडीन
233.	आइसोबेंजान
234.	आइसोड्रीन
235	आइसोफ़ोरोन डीआइसोसाइनेट
236.	आइसोप्रोपिल ईथर
237.	आयसोन (5—हाइड्रोक्सीनाफ़ाथालेन—1, 4 डायोन)
238.	लीड (इनआर्गेनिक फ़्यूमस एंड डस्टस)
239.	लीड 2, 4, 6—ट्रीनिटोरेसोरस्किनोक्साइड (लीड सटाइफ़ेनेट)
240.	लीड एजाइड
241.	लेपटोफ़ोस
242.	लिंडेन
243.	लरल पेट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.)
244.	मेलिक एनहाइड्राइड
245.	मैंगनीज एंड कम्पाउण्डस
246.	मेर्कापटो बेंजोथियाज़ोल
247.	मरकरी अलकाइल
248.	मरकरी फ़ेनमीनेट
249.	मरकरी मिथेल
250.	मेथाक्राइलिक एनाहाइड्राइड
251.	मेथाक्राइलोनट्राइल
252.	मेथाक्राइलोइल क्लोराइड

1	2
253.	मेथामिडोफ़ोस
254	मिथेन सलफ़ोनेल फ़लोराइड
255.	मिथेनथायोल
256.	मेथोक्सी इथानोल (2–मिथाइल सेलोनोलब)
257.	मिथोक्सी इथाइलमरक्यूरिक एसीटेट
258.	मिथाइल अक्रायलेट
259.	मिथाइल अल्कोहल
260.	मिथाइल एमायलकेटोन
261.	मिथाइल ब्रोमाइड (ब्रोमेमिथेन)
262.	मिथाइल क्लोराइड
263.	मिथाइल क्लोरोफ़ार्म
264.	मिथाइल क्लोरोहेक्सेन
265.	मिथाइल इथाइल केटोन पेरोक्साइड
266.	मिथाइल हाइड्राजाइन
267.	मिथाइल आइसोबूटिल केटोन
268.	मिथाइल आइसोबुटिल केटोन पेरोक्साइड
269.	मिथाइल आइसोसाइनेट
270.	मिथाइल आइसोथियोसाइनेट
271.	मिथाइल मेरकेपटेन
272.	मिथाइल मेथाक्राइलेट
273.	मिथाइल पाराथियोन
274.	मिथाइल फ़ोसफ़ोनिक डीक्लोराइड
275.	मिथाइल–एन, 2, 4, 6,–टेट्रानिट्रोएनीलिन
276.	मिथाइलेनक्लोराइड
277.	मिथाइलेनबिस–4, 4, (2–क्लोरोलाइन)
278.	मिथाइलट्रिक्लोरोसिलेन
279.	मेविनफ़ोस
280.	मोलीबडेनम एंड कम्पाउण्डस
281.	एन–मिथाइल–एन, 2, 4, 6,–एन–टेट्रानिट्रोएनीलिन
282.	नेपथा (कोल तार)
283.	नेपथाइलएमाइन–2
284.	निकल एंड कम्पाउण्डस
285.	निकल टेट्राकार्बोनाइल
286.	नाइट्रोएनीलिन–ओ
287.	नाइट्रोएनीलिन–पी
288.	नाइट्रोबेंजीन
289.	नाइट्रोक्लोरोबेंजीन–पी
290.	नाइट्रोसाइकलोहेक्सेन
291.	नाइट्रोइथेन
292.	नाइट्रोजन डीआक्साइड
293.	नाइट्रोजन आक्साइड
294.	नाइट्रोजन ट्रिफ़्लोराइड
295.	नाइट्रोग्लीसरिन
296.	नाइट्रोफ़िनोल–पी
297.	नाइट्रोप्रोपेन–1
298	नाइट्रोप्रोपेन–2
299.	नाइट्रोसोडीमिथाइलएमाइन
300.	नाइट्रोटोलियोस
301.	आक्टाब्रोमोफ़िनायल आक्साइड
302.	ओलियम
303.	ओलियलएमाइन
304.	ओ ओ–डिइथाइल एस–एथाइलसलफ़ीनीलमिथाइल फ़ोसफ़ोरोथियोऐट
305.	ओ ओ–डिइथाइल एस–इथाइलसलफ़ोनीलमिथाइल फ़ोसफ़ोरोथियोऐट
306.	ओ ओ–डिइथाइल एस–इथाइलथियोमिथाइल फ़ोसफ़ोरोथियोऐट
307.	ओ ओ–डिइथाइल एस–आइसोप्रोपाइलथियोमिथाइल फ़ोसफ़ोरोडिथियोऐट
308.	ओ ओ–डिइथाइल एस–प्रोपायलथियोमिथाइल फ़ोसफ़ोरोडिथियोऐट
309.	आक्सामाइल
310.	आक्सीडोसलफ़ोटोन
311.	आक्सीजन (तरल)
312.	आक्सीजन डीफ़्लोराइड
313.	ओज़ोन
314.	पारोक्सोन (डिइथाइल–4–नाइट्रोफ़िनाइल फ़ास्फ़ेट)
315.	पाराक्वेट
316.	पाराथियोन
317.	पाराथियोनमिथाइल
318.	पैरिस ग्रीन [बिस (ऐसीटो) (क्सायेटा आर्सीनीटो टेट्रा–कॉपर)
319.	पेनटाबोरेन
320.	पेंटाब्रोमोडीफ़िनाइल आक्साइड
321.	पेनटाब्रोमोफ़िनोल
322.	पेनटाक्लोरो नेफ़थालीन
323.	पेनटाक्लोरोइथेन
324.	पेनटाक्लोरोफ़िनोल
325.	पेनटाइरीथिटोल टैट्रानिट्रेट
326.	पेनटेन
327.	परएसीटिक एसिड
328.	परक्लोरोइथाइलीन
329.	परक्लोरोमिथाइल मरकेपटन
330.	पेंटानोन, 2, 4,–मिथाइल
331.	फ़िनोल
332.	फ़िनाइल गलाइसीडल ईथर
333.	फ़िनाइलीन पी–डीएमाइन
334.	फ़िनाइलमरकरी एसीटेट
335.	फ़ौरेट
336.	फोसएसीटिम
337.	फोसालेन
338.	फोसफोलन
339.	फोसजीन (कार बोनाइल क्लोराइड)
340.	फोसमेट
341.	फोसफामीडोन
342.	फोसफाइन (हाइड्रोजन फोसफाइड)
343.	फास्फोरिक एसिड एंड एस्टरस
344.	फास्फोरिक एसिड, ब्रोमोइथाइल ब्रोमो (2, 2,–डिमिथाइलप्रोपाइल) ब्रोमेइथाइल एस्टर
345.	फोस्फोरिक एसिड ब्रोमोईथाइल ब्रोमो (2, 2,–डिमिथाइलप्रोपाइल) क्लोरोइथाइल एस्टर
346.	फास्फोरिक एसिड, क्लोरोइथाइल ब्रोमो (2, 2–डिमेथोक्सीलप्रोपाइल) क्लोरोइथाइलएस्टर
347.	फास्फोरस एंड कम्पाउण्डस
348.	फोसतलान
349.	पिकरिक एसिड (2, 4, 6–ट्रिनिट्रोफिनोल)
350.	पोलीब्रोमिनेटिड बिफिनाइल्स
351.	पोटासियम अरसीनाइट
352.	पोटासियम क्लोरेट
353.	प्रोमुरित (1०) 3, 4–डिक्लोरोफिनाइल (3–ट्रिऐजेनथीयोकार्बोक्स एमाइड)
354.	प्रोपेमसुलटोन–1, 3
355.	प्रोपेन,–1, 2–क्लोरो–1, 3–डायोल–डीएसीटेट
356.	प्रोपीलेन डिक्लोराइड
357.	प्रोपीलेन आक्साइड
358.	प्रोपीलेनइमाइन
359.	पाराजोक्सोन

360. सेलिनियम हेक्साफ्लूराइड
361. सेमिकार्बाजाइड हाइड्रोक्लोराइड
362. सोडियम आरसीनाइट
363. सोडियम एजाइड
364. सोडियम क्लोरेट
365. सोडियम साइनाइड
366. सोडियम पिकरामेट
367. सोडियम सेलीनाइट
368. स्टीरीन 1, 1, 1, 2, 2–टेट्राक्लोरोइथेन
369. सल्फोटेप
370. सल्फर डिक्लोराइड
371. सल्फर डिआक्साइड
372. सल्फर ट्रिआक्साइड
373. सल्फ्यूरिक एसिड
374. सल्फोनसाइड, 3–क्लोरोप्रोपाइलोक्टाइल
375. टेलूरियम
376. टेलूरियम हेक्साफ्लोराइड
377. टेप
378. टर्बुफोस
379. टेट्राब्रोमोबिसफिनोल-ए
380. टेट्राक्लोरो,–2, 2, 5, 6, 2, 5–साइकलोहेक्साडाइन-1, 4–डायोन
381. टेट्राक्लोरोडी बैंजो-पी-डायोक्सीन-2, 3, 7, 8 (टी.सी.डी.डी.)
382. टेट्राइथाइल लेड
383. टैट्राफ्लूरोइथेन
384. टेट्रामिथाइलडीसलफोटेट्रामाइन
385. टेट्रामिथाइलन ब्रेड
386. टेट्रानिट्रोमिथेन
387. थालियम एंड कम्पाउण्डस
388. थियोनाजीन
389. थियोनेल क्लोराइड
390. ट्रिपेट
391. टोलूइन
392. टोलूइन 2–4–डीआइसोसाइनेट
393. टोलूइडाइन-ओ
394. टोलून 2, 6–डीआइसोसाइनेट
395. ट्राम-1, 4–क्लोरोबुटीन
396. ट्रि-1, (साइकलोहेप्सेन) स्टानाइल–1–एम-1, 2, 4,–ट्राओल
397. ट्रिएमिनो–1, 3, 5,–2, 4, 6, ट्रिनिट्रोबेंजीन
398. ट्रिब्रोमोफिनोल-2, 4, 6
399. ट्रिक्लोरो एसिटेल क्लोराइड
400. ट्रिक्लोरो इथेन
401. ट्रिक्लोरो नेपथालेन
402. ट्रिक्लोरोजक्लोरो मिथाइल सिलेन
403. ट्रिक्लोरोडीक्लोरोफिनाइलसिलेन
404 ट्रिक्लोरोइथेन-1, 1, 1
405. ट्रिक्लोरोइथाइलसिलेन
406. ट्रिक्लोरोइथा इलेन
407. ट्रिक्लोरोमिथेनसलफिनिल क्लोराइड
408. ट्रिक्लोरोफिनोल-2, 2, 6
409. ट्रिक्लोरोफिनोल,-2, 4, 5
410. ट्रिइथाइलएमाइन
411. ट्रिइथाइलीनमेलामाइन
412. ट्रिमिथाइहल क्लोरोसिलेन
413. ट्रिमिथाइलप्रोपेन फोसफाइट
414. ट्रिनिट्रोएनीलाइन
415. ट्रिनिट्रोएनीसोल 2, 4, 6
416. ट्रिनिट्रोबेंजीन
417. ट्रिनिट्रोबेंजोइक एसिड
418. ट्रिनिट्रोक्रेसोल
419. ट्रिनिट्रोफिनिटोल 2, 4, 6
420. ट्रिनिट्रोरेसरोसिनोल,–2, 4, 6 (स्टाइफिनिक एसिड)
421. ट्रिनिट्रोटोलूइन
422. ट्रिओरथोक्रीसल फास्फेट
423. ट्रिफिनाइलटिन क्लोराइड
424. टरपेनटाइन
425. यूरेनियम एंड कम्पाउण्डस
426. वैनेडियम एंड कम्पाउण्डस
427. विनाइल क्लोराइड
428. विनाइल फलोराइड
429. विनाइल टोलूइन
430. वारफारिन
433. जाइलेन
431. जाइलिडाइन
437. जिंक एंड कम्पाउण्डस
434. जिरकोनियम एंड कम्पाउण्डस

अनुसूची-2

[देखें 2 (ङ) (i), 4 (1)(ख), 4(i)(1), 5 तथा 6 (1) (ख)]

अनुसूची 4 के अंतर्गत भंडारणों के अतिरिक्त अवस्थापनों में भंडारण

नीचे दी गई मात्राएं समान पदाधिकारी के प्रत्येक अवस्थापन अथवा अवस्थापनों के समूह से संबंधित है, जहां अनुमानित परिस्थितियों में, बड़ी दुर्घटनाओं के खतरों में वृद्धि को रोकने के लिए अवस्थापनों के मध्य की दूरी पर्याप्त नहीं है। ये मात्राएं किसी भी स्थिति में समान पदाधिकारी के उन अवस्थापनों के प्रत्येक समूह पर लागू होती है, जहां अवस्थापनों के मध्य की दूरी 500 मीटर से कम है।

(ख) किसी अकेले भंडारण में खतरनाक पदार्थ की अवशिष्ट गुणवत्ता के निर्धारण के उद्देश्य से किसी भी खतरनाक स्थापन का लेखा रखा जाएगा, जो :—

(i) अभिष्ठापना के नियंत्रण में किसी भी पाइपलाइन के उस भाग में जिसमें उसका नियंत्रण हो, जो उस स्थान के 500 मीटर के अन्दर हो और उससे जुड़ा हो ;

(2) उसी अधिष्ठाता के नियंत्रण में कोई अन्य स्थान, सीमा का कोई भाग जो उस स्थान के 500 मीटर के अन्दर हो; तथा

(3) उसी अधिष्ठाता के नियंत्रण में किसी भी वाहन, जहाज, वायुयान या होवरक्राफ्ट जिसका इस्तेमाल या तो स्थान पर अथवा इसके 500 मीटर के भीतर भंडारण के उद्देश्य से किया जाता है :

लेकिन इस प्रकार के किसी खतरनाक रसायन का लेखा नहीं रखा जाएगा जो किसी वाहन, जहाज, वायुयान अथवा होवर क्राफ्ट में हो

रसायन	प्रारंभिक मात्राएं (टन)	
	नियम 4, 5 और 7 से 9 के अनुप्रयोग के लिए	नियम 10 से 15 के अनुप्रयोग के लिए
1	2	3
1. एक्रिलोनाइट्रील	350	5000
2. अमोनिया	60	600
3. अमोनियम नाइट्रेट (क)	350	2,500
4. अमोनियम नाइट्रेट उर्वरक (ख)	1250	10000
5. क्लोरीन	10	75
6. अनुसूची 1, अनुच्छेद (ख) (1) में वर्णित ज्वलनशील गैसें	50	300
7. अनुसूची 1, अनुच्छेद (ख) (11) में वर्णित उच्च ज्वलनशील तरल	10,000	10,0000
8. द्रव आक्सीजन	200	2000
9. सोडियम क्लोरेट	25	250
10. सल्फर डाइ आक्साइड	20	600
11. सल्फर ट्राइ आक्साइड	15	100

(क) यह अमोनियम नाइट्रेट तथा अमोनियम नाइट्रेट में उन मिश्रणों पर लागू होता है जिनमें अमोनियम नाइट्रेट तथा अमोनियम नाइट्रेट के जलीय घोल से प्राप्त नाइट्रोजन के तत्व भार से 28 प्रतिशत अधिक हों जिनमें अमोनियम नाइट्रेट की सांद्रता भार से 90 प्रतिशत अधिक होती है ।

(ख) यह सीधे अमोनियम नाइट्रेट उर्वरकों तथा उर्वरकों के मिश्रणों पर लागू होता है जहां अमोनियम नाइट्रेट से प्राप्त नाइट्रोजन का तत्व भार से 28 प्रतिशत अधिक है (एक मिश्रण उर्वरक में अमोनियम नाइट्रेट तथा फास्फेट तथा/या पोटाश शामिल हों) ।

अनुसूची—3

[देखें नियम-5(क) (3), 5 तथा 6(1) (क)]

नियम-7 से 15 के विनियमन के लिए खतरनाक रसायनों की सूची

नीचे दी गई मात्राएं समान पदाधिकारी के प्रत्येक अवस्थापन अथवा अवस्थापनों के समूह से संबंधित हैं, जहां अनुमानित परिस्थितियों में बड़ी दुर्घटनाओं के खतरों में वृद्धि को रोकने के लिए अवस्थापनों के मध्य की दूरी पर्याप्त नहीं है। ये मात्राएं किसी भी स्थिति में समान पदाधिकारी के उन अवस्थापनों के प्रत्येक समूह पर लागू होती है, जहां अवस्थापनों के मध्य की दूरी 500 मी० से कम है।

(ख) किसी अकेले भंडारण में खतरनाक पदार्थ की अवसीमा गुणवत्ता के निर्धारण के उद्देश्य से किसी भी खतरनाक रसायन को ली रखा जायगा, जो :—

(1) अधिष्ठाता के नियंत्रण में किसी भी पाइपलाइन के उस भाग में जिसमें उसका नियंत्रण हो, जो उस स्थान के 500 मीटर के अन्दर हो और उससे मिला हो ,

(2) उसी अधिष्ठाता के नियंत्रण में कोई अन्य स्थान, सीमा का कोई भाग जो इस स्थान के 500 मीटर के अन्दर हो, तथा

(3) उसी अधिष्ठाता के नियंत्रण में किसी भी वाहन, जहाज, वायुयान या होवरक्राफ्ट इसका इस्तेमाल या तो स्थान पर अथवा इसके 500 मीटर के भीतर भंडारण के उद्देश्य से किया जाता है,

लेकिन इस प्रकार के किसी खतरनाक रसायन का लेखा नहीं रखा जायेगा जो किसी वाहन, जहाज, वायुयान अथवा होवरक्राफ्ट में हो ।

IndiaCode

भाग-1

नामोद्दिष्ट रसायन

क्रम सं.	रसायन	प्रारंभिक मात्रा		सीएएस संख्या
		नियम 5, 7-9 तथा 13-15 के अनुप्रयोग के लिए	नियम 10-12 के अनुप्रयोग के लिए	
1	2	3	4	5
ग्रुप 1—विषैले पदार्थ				
1.	एल्डीकार्ब	100 कि.ग्रा.		116-06-3
2.	4 एमिनोडिफिनाइल	1 कि. ग्रा.		92-6-1
3.	एमिटोन	1 कि.ग्रा.		78-53-5
4.	एनाबेसाइन	100 कि.ग्रा.		494-52-0
5.	अरसेनिक पेनटोक्साइड, अरसेनिक (5) अम्ल और लवण	500 कि. ग्रा.		
6.	अरसेनिक ट्राइआक्साइड, अरसिनिअस (3) अम्ल और लवण	100 कि. ग्रा.		
7.	अरसाइन (अरसेनिक हाइड्राइड)	10 कि. ग्रा.		774-41-1
8.	एजिफोस-इथाइल	100 कि. ग्रा.		8642-71-9
9.	एजिनफोस-मिथाइल	100 कि.ग्रा.		86-50-0
10.	बेंजिडाइन	1 कि. ग्रा.		92-87-5
11.	बेंजिडाइन लवण	1 कि. ग्रा.		
12.	बेरियलियम (पाउडर, मिश्रण)	10 कि. ग्रा.		
13.	बिस 2—क्लोरोइथाइल (सल्फाइड)	1 कि. ग्रा.		505-60-2
14.	बिस (क्लोरोमियाइल) ईथर	1 कि. ग्रा.		542-88-1
15.	कारबोफुरन	100 कि. ग्रा.		1563-66-2
16.	कारबोफिनोथियोन	100 कि. ग्रा.		786-19-6
17.	क्लोरोफिनविनफोस	100 कि. ग्रा.		470-90-6
18.	4-(क्लोरोफोरमेल) 'मारफोलिन	1 कि. ग्रा.		15159-40-7
19.	क्लोरोमिथाइल/नियाइल ईथर	1 कि. ग्रा.		107-30-2
20.	कोबाल्ट (धातु आक्साइड, कार्बोनेट, साल्फाइड, पाउडर के रूप में)	1 टन		
21.	क्रीमिडाइन	100 कि. ग्रा.		535-89-7
22.	सैयोएट	100 कि. ग्रा.		3734-95-0
23.	साइक्लोहेक्सिमाइड	100 कि. ग्रा.		66-81-9
24.	डेमिटन	100 कि. ग्रा.		8064-48-3
25.	डायलिफोस	100 कि. ग्रा.		10311-84-9
26.	00-डिइथाइल एस-इथाइलसल्फोनिल मिथाइल फासफोरोथियोएट	100 कि. ग्रा.		2588-05-8
27.	00-डियिथाइल एस-इथाइलसल्फो निलमिथाइल फासफोरो थायोएट	100 कि. ग्रा.		2588-06-9
28.	00-डिथाइल एस-इथाइलथियोमिथाइल फासफोरोथयोएट	100 कि. ग्रा.		2600-69-3
29.	00-डिथाइल एस-आइसोप्रोपाइलथीयोमिथाइल फासफोरोडिथियेएट	100 कि. ग्रा.		78-52-4
30.	00-डिथाइल एस-प्रोफिलथीयोमिथाइल फासफोरोडिथियेएट	100 कि. ग्रा.		3309-68-0
31.	डेमीफोमस	100 कि. ग्रा.		115-26-4
32.	डिमियाइलकारबामोइल क्लोराइड	1 कि. ग्रा.		79-44-7
33.	डिमियाइलनाइट्रोसेमाइन	1 कि. ग्रा.		62-75-9
34.	डिमियाइलफासफोरएट डोसा नीडि के अम्ल	1 टन		62 917-41-9
35.	डिफेनाइलीन	100 कि. ग्रा.		82-66-6

IndiaCode

1	2	3	4	5
36.	डिसलफोटोन	100 कि.ग्रा		298-04-4
37.	ईपीएन	100 कि.ग्रा		2104-64-5
38.	इथिओन	100 कि.ग्रा.		563-12-2
39.	फेनसलफोथियोन	100 कि.ग्रा.		115-90-2
40.	फैनूयनिटिल	100 कि.ग्रा.		4301-50-2
41.	फ्लुरोएसिटिक अम्ल,	1 कि.ग्रा.		144-49-0
42.	फ्लुरोएसिटिक अम्ल, लवण	1 कि.ग्रा.		
43.	फ्लुरोएसिटिक अम्ल एस्टर	1 कि.ग्रा.		
44.	फ्लुरोएसिटिक अम्ल, एमाइडस	1 कि.ग्रा.		
45.	4-फ्लुरोबुट्रिक अम्ल	1 कि.ग्रा.		462-23-7
46.	4-फ्लुरोबुट्रिक एसिड, लवण	1 कि.ग्रा.		
47.	4-फ्लुरोबुट्रिक अम्ल-एस्टर	1 कि.ग्रा.		
48.	4-फ्लुरोबुट्रिक अम्ल-एमिडिस	1 कि.ग्रा.		
49.	4-फ्लुरोक्रोटोनिक अम्ल	1 कि.ग्रा.		37759-72-1
50.	4-फ्लुरोक्रोटोनिक अम्ल, लवण	1 कि.ग्रा.		
51.	4-फ्लुरोक्रोटोनिक अम्ल, एस्टर	1 कि.ग्रा.		
52.	4-फ्लोरोक्रोटोनिक अम्ल, एमिडिस	1 कि.ग्रा.		
53.	4-फ्लुरो-2-हाइड्रोक्सीबुट्रिक अम्ल	1 कि.ग्रा.		
54.	4-फ्लुरो-2-हाइड्रोक्सीबुट्रिक अम्ल, लवण	1 कि.ग्रा.		
55.	4-फ्लुरो-2-हाइड्रोक्सीबुट्रिक अम्ल, एस्टर	1 कि.ग्रा.		
56.	4-फ्लुरो-2-हाइड्रोक्सीबुट्रिक अम्ल, एमिडिस	1 कि.ग्रा.		
57.	ग्लाइकोलोनाइट्राइल (हाइड्रोक्सीऐसिटोनीट्राइल	100 कि.ग्रा.		1907-16-4
58.	1, 2, 3, 7, 8, 9-हेक्साक्लोरोडिबेनजो-पी-डायोक्सिन	100 कि.ग्रा.		19408-74-3
59.	हेक्सामिथाइलफासफोरेमाइड	1 कि.ग्रा.		600-3-9
60.	हाइड्रोजनसायनाइड	10 कि.ग्रा.		7783-07-5
61.	आइसोबेनजन	100 कि.ग्रा.		297-78-9
62.	आइसोड्रिन	100 कि.ग्रा.		465-73-6
63.	जुगलोन (5-हाइड्रोक्सीनेपथैलीन-1-4-डायोन)	100 कि.ग्रा.		481-39-0
64.	4, 4"-मिथाइलीनबिस (2-क्लोरोएनिलीन)	10 कि.ग्रा.		101-14-4
65.	मिथाइलआइसोसाइनेट	150 कि.ग्रा.	150 कि० ग्रा०	624-83-9
66.	मेविनफोस	100 कि.ग्रा.		7786-34-7
67.	2-नेपथिलेमाइन	1 कि.ग्रा.		91-59-8
68.	निकल (धातु, आक्साइड, कारबोनेट, सल्फाइड, पाउडर के रूप में)	1 टन		
69.	निकल टेट्राकारबोनिल	10 कि.ग्रा.		13463-39-3
70.	आक्सीडिसल्फोटन	100 कि.ग्रा.		2497 07-6
71.	आक्सीजनडि, फ्लुराइड	10 कि.ग्रा.		7783-41-7
72.	पेराक्सन (डिइथाइल 4-नाइट्रोफिनाइल फासफेट)	100 कि.ग्रा.		311-45-5

IndiaCode

1	2	3	4	5
73.	पेराथिआन	100 कि.ग्रा.		56-38-2
74.	पेराथिआन-मिथाइल	100 कि.ग्रा.		298-00-0
75.	पेन्टाबोरेन	100 कि.ग्रा.		19624-22-7
76.	फोरेट	100 कि.ग्रा.		298-02-2
77.	फोसएसीटिम	100 कि.ग्रा.		4104-14-7
78.	फोसजीन (कारबोनिल क्लोराइड)	750 कि.ग्रा.	750 कि.ग्रा.	75-44-5
79	फासफेमिडन	100 कि.ग्रा.		13171-21-6
80.	फासफिन (हाइड्रोजन फासफाइड)	100 कि.ग्रा.		7803-51-2
81.	प्रोमुरिट (1-) 3, 4 डिक्लोरोफिनाइल-3-ट्राइमेथाक्सीबेन्जोकारबोनिलएमाइड	100 कि.ग्रा.		5836-73-7
82.	1, 3-प्रोपेनसल्टोन	1 कि.ग्रा.		1120-71-4
83.	1-प्रोपेन-2-क्लोरो-1, 3-डिओल डाइएसीटेट	10 कि.ग्रा.		1118-72-6
84.	पायरेजोक्सोन	100 कि.ग्रा.		108-34-9
85.	सेलिनियमहेक्साफ्लुराइड	10 कि.ग्रा.		7783-79-1
86.	सोडियमसेलीनाइट	100 कि.ग्रा.		10102-18-8
87.	स्टीबाइन (एन्टीमोनीहाइड्राइड)	100 कि.ग्रा.		7803-52-3
88.	सल्फोटेप	100 कि.ग्रा.		3689-24-5
89.	सल्फर डाइक्लोराइड	1 टन		10545-99-0
90.	टैलूरियम हैक्साफ्लुराइड	100 कि.ग्रा.		7783-80-4
91.	टीईपीपी	100 कि.ग्रा.		107-49-43
92.	2, 3, 7, 8-टेट्राक्लोरोडाई बेन्जो-पी-डायोक्सिन (टीसीडीडी)	1 कि.ग्रा.		1746-01-6
93.	टेट्रामिथाइलीनडाइसल्फोटेट्रामाइन	1 कि.ग्रा.		80-12-6
94.	थायोनेजिन	100 कि.ग्रा.		297-97-2
95.	थिमेट (2, 4-डिमिथाइल-1, 3-डिथायोलेन-2कारबोक्सनडिहाइड O-मिथाइलकारबोमोएलओक्जाइम	100 कि.ग्रा.		26419-73-8
96.	ट्राइक्लोरोमिथेनसलफिनेल क्लोराइड	100 कि.ग्रा.		594-42-3
97.	1-ट्राई (साइक्लोहिक्सल) स्टैनल-1 एच-1, 2, 4-ट्राइएजोल	100 कि.ग्रा.		41083-11-8
98.	ट्राईइथाइलीनमिलेमाइन	10 कि.ग्रा.		51-18-3
99.	वारफेरिन	100 कि.ग्रा.		81-81-2
ग्रुप-2	जहरीले पदार्थ			
100.	एसीटोन साइनोहाइड्रिन (2-साइनोप्रोपेन-2-ओल)	200 टन		75-86-5
101.	एक्रोलिन (2-प्रोपेनल)	20 टन		107-02-8
102.	एक्रीलोनीट्राइल	20 टन	200 टन	107-13-1
103.	एलेल एलकोहल (2-प्रोपेन-1-ओल)	200 टन		107-18-6
104.	एलीलेमाइन	200 टन		7664-41-7
105.	अमोनिया	50 टन	500 टन	7664-41-7
106.	ब्रोमीन	40 टन		7726-95-6
107.	कार्बन डाइसल्फाइड	20 टन	200 टन	75-15-0
108.	क्लोरीन	50 टन	100 टन	7782-50-5
109.	डिफिनेल मिथेन डी आइसोथसाइनेट (एम डी आई)	20 टन		101-68-8
110.	इथेलीन डीब्रोमाइड (1, 2-डिब्रोमोइथेन)	5 टन		106-93-4
111.	इथेलीनइमाइन	50 टन		151-56-4
112.	फोरमलडिहाइड (संघता > 90 प्रतिशत)	5 टन		50-00-0
113.	हाइड्रोजन क्लोराइड (लिक्वीफाइडगैस)	25 टन	250 टन	7647-01-0

IndiaCode

1	2	3	4	5
114.	हाइड्रोजनसाईनाइड	5 टन	20 टन	74-90-8
115.	हाइड्रोजनफ्लोराइड	5 टन	50 टन	7664-39-3
116.	हाइड्रोजनसल्फाइड	5 टन	50 टन	7783-06-4
117.	मिथाइल ब्रोमाइड (ब्रोमोमिथेन)	20 टन		74-83-9
118.	नाइट्रोजनआक्साइड	50 टन		11504-93-1
119.	प्रोपीलिनइमाइन	50 टन		75-55-8
120.	सल्फर डाइआक्साइड	20 टन	250 टन	7446-09-5
121.	सलफर ट्राइआक्साइड	15 टन	75 टन	7446-11-9
122.	टेट्रा	5 टन		78-00-1
123.	टेट्रामिथाइल लीड	5 टन		75-74-1
124.	टूलिन डाई-आइसो साइनेट (टीडीआई)	10 टन		584-84-9 75-01-4
ग्रुप-3—	अत्यधिक प्रतिक्रियात्मक पदार्थ			
125.	एसीटिलीन (इथाइन)	5 टन		74-86-2
126.	क. अमोनियम नाइट्रेट (1)	350 टन	2500 टन	6484-52-2
	ख. उर्वरक के रूप में आमोनियम नाइट्रेट (2)	1250 टन		
127.	2, 2-बिस 'टरटबुटाइल परोक्सी) बुटेन (सांद्रता ≥ 75 प्रतिशत)	5 टन		2167-23 9
128.	1,-1 बिस (टरट-बुटेल परीक्सी (साइक्लोहेक्सेन सांद्रता ≥ 80 प्रतिशत)	5 टन		3006-86-8
129.	टरट-बुटिल पिरोक्सी) सीटट सान्द्रता ≥ 70 प्रतिशत	5 टन		107-71-1
130.	टरटबुटेलपरोक्सीआईसो बुराइरेट (सांद्रता ≤ 80 प्रतिशत)	5 टन		109-13-7
131.	टरटबुटेल परोक्सीआइसोप्रोपल कारबोरेट (सान्द्रता ≥ 80 प्रतिशत)	5 टन		2372-21-6
132.	टरट बुटेलप्रोक्सी मेलिएट (सांद्रता ≥ 80 प्रतिशत)	5 टन		1931-62-0
133.	टरटबुटेलप्रोक्सीपिवेलेट (सांद्रता ≥ 77 प्रतिशत)	50 टन		927-07-1
134.	डाईसेंजिलप्रोक्सीडाई कारबोनेट (सांद्रता ≥ 90 प्रति)	5 टन		2144-45-8
135.	डाईसेक-बुटेल प्रोक्सीडिकारबोनेट (सांद्रता ≥ 80 प्रति)	5 टन		19910-65-7
